<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में झारखंड समेत पूरे देश के विद्यार्थियों से तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को अपने जुनून को तलाशने की आजादी मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव से बचने के लिए समय प्रबंधन और कठिन विषय को स्वयं चुनौती देने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को भरपूर नींद लेने की भी सलाह दी।

*****************

झारखंड के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की बातों से परीक्षा को लेकर उनके भीतर के सभी तनाव दूर हो गये हैं। गिरिडीह के सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी बातों से हमारे भीतर नयी ऊर्जा का संचार किया है।

साउंड बाइट– छात्र, गिरिडीह – 18 सेकेण्ड

विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा और अन्य शिक्षकों ने भी प्रधानमंत्री की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का शिक्षक की भूमिका में आना सब के लिए प्रेरणा दायक है।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज महाकुंभ पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगायी और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले उन्होंने मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां दर्शन–पूजन किया। राष्ट्रपति शाम चार बजे तक प्रयागराज में रहेंगी। द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मरांडी ने कहा है कि अब तक सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पायी है। जेपीएससी अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से अब तक कोई पहल नहीं किये जाने पर भी उन्होंने सरकार की आलोचना की।

*****************

हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को कड़ी सुरक्षा के बीच आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। सबसे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच की गयी। तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार पर अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मार डालने का आरोप है।

*****************

गढ़वा जिले में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण युवक–युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम ने आज अपने चौथे मैच में हॉकी मिजोरम को चार–तीन गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। आज के मैच में मध्यांतर तक झारखंड टीम 1–0 से पीछे चल रही थी, परंतु मध्यांतर के बाद आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लगातार चार गोल कर उसने मैच में वापसी की और एक के मुकाबले चार गोल से बढ़त ले ली। इस मैच में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो, सजना होरो, रोशनी आइनद और डिप्टी टोप्पो ने एक–एक गोल किया।

****समाप्त****